नव भारत

# ट्विशा शर्मा के 80 किलो वजन के पुतले के साथ सीन री - क्रिएशन

▸ गिरिबाला और समर्थ को लेकर पहुंची सीबीआई

**04** दिन से हो रही है आरोपियों से पूछताछ

**03** दिन तक भोपाल में ही रूका था समर्थ सिंह





**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 01 जून. सीबीआई की टीम सोमवार को ट्विशा शर्मा मौत के मामले में कटारा हिल्स स्थित पूर्व जज गिरिबाला सिंह के आवास पर पहुंची. घटना की जांच करते हुए सीबीआई ने ट्विशा के बनवाए गए पुतले को लेकर सीन री- क्रिएशन किया. इस दौरान आरोपी गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह भी मौजूद रहे.**

जानकारी के मुताबिक आरोपियों की मौजूदगी में ही अधिकारियों ने करीब 80 किलो वजन की बने पुतले को फंदे पर लटका और उतार कर सीन री-क्रिएशन किया और उस समय की स्थिति को जानने की कोशिश भी की. सीबीआई के अधिकारियों ने इस दौरान घटना के समय मौजूद घर के सामानों को उसी तरह से रखवाए भी. सीबीआई ने यह सीन री- क्रिएशन तब किया, जब आरोपियों से करीब 4 दिन की पूछताछ हुई और उनके तब के बयान और बाद के बयान को स्पष्ट किया जा सके. दोनों ही आरोपियों के बयान घटना के दिन और घटना के बाद से कितना मेल खाते हैं. इसका भी अधिकारियों की तरफ से क्रास चेक किया गया. बताया गया है कि समर्थ ने घटना के दौरान बताया था कि उसने ही ट्विशा को फंदे से उतारा था, जबकि मां गिरिबाला ने फंदे की गांठ खोली थी. पूरे मामले की गहनता से सीबीआई जांच जारी है.

खबर सामने आई है कि सीबीआई के अधिकारियों ने ट्विशा का पुतला तैयार करने का निर्णय तब लिया, जब दोनों ही आरोपियों से घटना के दौरान की गई पूछताछ और बाद में की गई पूछताछ में कुछ संदेह हुआ. इसके साथ ही...

▸ शेष पेज 12 पर

### ▸ आज कोर्ट में पेश हो सकते हैं आरोपी

ट्विशा की मौत के मामले में आरोपी रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह को सीबीआई मंगलवार को दोपहर बाद कोर्ट में पेश कर सकती है. दोनों ही आरोपियों की रिमांड़ 2 जून को पूरी हो रही है. गिरिबाला सिंह की गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने दोनों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर मांगा था. कोर्ट ने दोनों ही आरोपियों को 5 दिन के रिमांड पर भेजा था. कोर्ट में आरोपियों की रिमांड़ बढाने के लिए सीबीआई के अधिकारी मांग कर सकते हैं.

### डॉक्टर से भी पूछताछ

मामले में ट्विशा का गर्भपात कराने वाले डॉक्टर को भी इस पूरे मामले में खास तौर पर देखा जा रहा है. आरोप है कि ट्विशा ने गर्भधारण के बाद जिस डाक्टर के पास चेकअप कराया था. उस डाक्टर ने गर्भपात कराने की सलाह दी थी. सीबीआई के अधिकारियों ने संबंधित डॉक्टर को भी पूछताछ के लिए तलब किया है.

# बोरदेही स्टेशन पर युवक की हत्या

## आरपीएफ-जीआरपी कहाँ थी ट्रेन से उतारकर युवक को मौत के घाट उतारा

**आमला, 01 जून. आमला बोरदेही रेलवे स्टेशन पर हुई एक दर्दनाक घटना ने रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है.प्राप्त जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा निवासी 22 वर्षीय अली खान पेंचवेली एक्सप्रेस से भोपाल की ओर यात्रा कर रहा था.यात्रा के दौरान सीट पर बैठने को लेकर उसका बोरदेही क्षेत्र के एक युवक से विवाद हो गया.**

मामूली कहासुनी इतनी बढ़ गई कि आरोपी युवक ने अपने साथियों को फोन कर बोरदेही स्टेशन पर बुला लिया।बताया जाता है कि जैसे ही ट्रेन बोरदेही स्टेशन पहुंची, पहले से मौजूद 12 से 15 युवक ट्रेन में चढ़ गए और अली खान को जबरन नीचे खींच लिया.इसके बाद स्टेशन परिसर में लाठी-डंडों और लात-घूंसों से उसकी बेरहमी से पिटाई की गई.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक रहम की भीख मांगता रहा, लेकिन हमलावरों ने तब तक हमला जारी रखा जब तक वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर नहीं गिर पड़ा।अली खान के साथ यात्रा कर रहे उसके तीन साथी भी हमलावरों के निशाने पर थे.जान बचाने के लिए वे ट्रेन की दूसरी बोगियों में छिप गए.बताया जाता है कि आरोपी उन्हें भी तलाशते रहे.यदि वे हमलावरों के हाथ लग जाते तो जनहानि और भी बड़ी हो सकती थी।रेलवे सुरक्षा पर सबसे बड़ा सवाल यह घटना केवल एक हत्या नहीं, बल्कि रेलवे सुरक्षा व्यवस्था की भयावह विफलता का उदाहरण है.



यह घटना रेलवे प्रशासन, आरपीएफ और जीआरपी की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है।अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर अली खान की मौत का जिम्मेदार कौन है.केवल आरोपी युवक या फिर वह व्यवस्था भी जो यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही.यदि रेलवे में पर्याप्त सुरक्षा बल, नियमित गश्त और संवेदनशील स्टेशनों पर निगरानी की प्रभावी व्यवस्था होती तो शायद आज एक परिवार का जवान बेटा जिंदा होता.

### ▸ तमाशबीन बनी व्यवस्था, बुझ गया एक घर का चिराग

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर लंबे समय तक युवक को पीटते रहे, लेकिन डर के माहौल में कोई भी उसे बचाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया.यह स्थिति बताती है कि कानून का भय समाप्त होता जा रहा है और अपराधी खुलेआम भीड़ के बल पर कानून को चुनौती दे रहे हैं। एक ओर सरकार रेलवे को आधुनिक और सुरक्षित बनाने के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर एक युवक को सरेआम मौत के घाट उतार दिया जाता है.

## ▸ एक नजर में ◂



### डिप्टी सीएम देवड़ा ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

**भोपाल.** मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं मंत्री गौतम टेटवाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया. मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री गौतम टेटवाल ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया. जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया.

### नदी में छलांग लगाकर प्रेमी युगल ने जान दी

**मुरैना.** जिले के नूराबाद थाना क्षेत्र में एक प्रेमी युगल ने सांक नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने दोनों के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं. मृतकों की पहचान भूपेंद्र धाकड़ निवासी ग्राम भुरावली, थाना कैलारस, जिला मुरैना तथा राधा चौबे निवासी ग्राम बेहरूका, थाना धीरपुरा, जिला दतिया के रूप में हुई है. दोनों रविवार को बुलेट मोटरसाइकिल से ग्वालियर की ओर से आए थे. उन्होंने पहले एक मंदिर में विवाह किया और बाद में आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सांक नदी के पुराने पुल पर कुछ समय रुके. पुलिस के अनुसार दोनों ने मोबाइल से वीडियो बनाया और इसके बाद एक-दूसरे के हाथ गमछे से बांधकर नदी में छलांग लगा दी.

### हाइवे पर वीडियो कोच बस में लगी आग

**ग्वालियर.** इंदौर जा रही स्लीपर वीडियोकोच बस में आज आधी रात के करीब आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर भीषण आग लग गई। चलती बस से आग की ऊंची लपटें उठती देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय बस में करीब 45 यात्री सवार थे। सभी को सुरक्षित बचा लिया गया है. बस रात 10 बजे ग्वालियर से इंदौर के लिए रवाना हुई थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। पनिहार थाना पुलिस के अनुसार स्लीपर वीडियोकोच बस ग्वालियर से इंदौर जा रही थी. आधी रात के करीब बस जैसे ही पनिहार रेलवे स्टेशन के पास हाईवे पर पहुंची.

# आंधी-तूफान से शहर तहस नहस

## 250 से ज्यादा पेड़ उखड़े, कई जगह तार टूटे, घंटों तक बिजली बंद

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 1 जून .आज शाम करीब 4 से 4.30 बजे के बीच 90 किलोमीटर की रफ्तार से चले आंधी तूफान के कारण शहर तहस नहस हो गया.15 मिनट चले आंधी तूफान के दौरान हल्की बारिश भी हुई, लेकिन तूफान से स्थिति यह हो गई कि शहर में करीब ढाई सौ से ज्यादा पेड़ उखड़ गए.इस वजह से शहर के अधिकांश इलाकों में बिजली कई घंटों तक बंद रही.**

जैसा कि मौसम विभाग का पूर्वानुमान था कि नोतपा के आखरी दिनों में मानसून पूर्व की बारिश और आंधी तूफान आ सकता है , वैसा ही आज शहर में हुआ भी.आज शाम शहर में 4 से 4.30 के बीच जमकर आंधी तूफान आया.करीब 50 से लेकर 93 किलोमीटर रफ्तार से चली हवाओं ने शहर को तहस नहस कर दिया.इस दौरान पूरे शहर में जमकर चले आंधी तूफान की हवाओं से जो जहां था वहीं रुक गया. शहर के अधिकांश इलाकों में वाहन चालको की स्थिति खराब हो गई और वे सड़कों पर एक तरफ सुरक्षित खड़े नजर आए.

बताया जा रहा है कि शहर में करीब 250 ज्यादा पेड़ उखड़ गए.पेड़ गिरने से कई सड़कों पर यातायात जाम हो गया.सबसे ज्यादा शहर के बंगाली चौराहा, खातीपुरा, खजराना, विजय नगर में आंधी तूफान का असर ज्यादा था.वैसे शहर के सभी क्षेत्रों में तेज हवा चलने और हल्की बारिश होने की पुष्टि हुई है. बिजली करीब तीन घंटे तक रही गुल-शहर में अभी मौसम की बारिश शुरू नहीं हुई है और बिजली विभाग के बारिश पूर्व संधारण की पोल खुल गई.शहर के अधिकांश इलाकों में तीन घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रही .



### कहां क्या हुआ ...

1 बजाज खाना बिजली ग्रिड पर नीम का पेड़ गिरा
2 विजय नगर में यातायात सिग्नल उखड़ा
3 महालक्ष्मी नगर में बिजली केबल तारों पर पाम का पेड़ अटका
4 एलआईजी गुरुद्वारे के पास पेड़ गिरा
5 विजय नगर में सर्विस रोड पर पेड़ गिरा
6 खातीपुरा में 11 केवी लाइन पेड़ गिरने से टूटी

# 50 हजार की घूस मांगने वाला नापतौल निरीक्षक पकड़ाया

## ग्वालियर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही

**ग्वालियर/भिंड, 1 जून. ग्वालियर लोकायुक्त पुलिस ने सोमवार को नापतौल निरीक्षक भिंड को 27500 रूपये की रिश्वत लेते ग्वालियर में पकड़ा है. घूसखोर नातपौल निरीक्षक ने पेट्रोल पंप के स्टंपिंग कराने के एवज में 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी. जिसमे से 22,500 रूपये पहली किस्त के रूप में उसने पहले ही ले लिए थे.**

पुलिस आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रही है. लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक निरंजनलाल शर्मा ने बताया कि लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वतखोर नापतौल निरीक्षक भिंड सौरभ शर्मा निवासी निवासी ग्राम गंजरामपुर मुरैना को 27500 रूपये की रिश्वत लेते ग्वालियर में स्वयं के कक्ष में रिश्वत से पकड़ा है. पुलिस अधीक्षक शर्मा ने बताया कि आवेदक तेजनारायण सिंह व्यवसाय पेट्रोल पंप संचालन निवासी ग्राम पुर तहसील भिंड ने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत की थी कि पेट्रोल पंप के स्टंपिंग कराने के एवज में 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग नापतौल निरीक्षक भिंड सौरभ शर्मा ने की है.सूचना की शिकायत का पुलिस अधीक्षक ने सत्यापन कराया जो सही पाया गया.जांच में लोकायुक्त की टीम को यह भी पता चला कि नापतौल निरीक्षक भिंड सौरभ शर्मा ने 26 मई को पहली किस्त 22500 रूपये की ले भी ली थी. आवेदक से शेष रिश्वत राशि सोमवार या मंगलवार को लेना तय हुआ था.



# पटवारी रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**नरसिंहपुर.** जिले के गोटेगांव में सोमवार को लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया.आरोपी पटवारी जमीन के नामांतरण के बदले 10 हजार रुपये की मांग कर रहा था. लोकायुक्त से मिली जानकारी के अनुसार आवेदक संदीप कुमार सिंह निवासी पड़रिया, तहसील गोटेगांव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी माता ममता देवी ने ग्राम मुआर में 7 एकड़ भूमि खरीदी थी.उक्त भूमि के नामांतरण की प्रक्रिया के लिए हल्का नंबर 41 ग्राम मुरदई के पटवारी घनश्याम गढ़वाल द्वारा 10 हजार रिश्वत की मांग की जा रही थी. शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय जबलपुर द्वारा मामले का सत्यापन कराया गया.जांच के दौरान पटवारी घनश्याम गढ़वाल 5 हजार रुपये लेने पर सहमत हो गया.इसके बाद लोकायुक्त टीम ने ट्रैप की योजना बनाई. सोमवार 1 जून 2026 को गोटेगांव स्थित महिंद्रा शोरूम के बगल में टीला क्षेत्र में संचालित पटवारी के निजी कार्यालय में कार्रवाई की गई.यहां आरोपी पटवारी घनश्याम गढ़वाल को आवेदक से 5 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया. आरोपी घनश्याम गढ़वाल (39 वर्ष), निवासी पंचमुखी हनुमान कॉलोनी बरही, जिला कटनी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7, 13(1)(बी) एवं 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश एवं पुलिस उप महानिरीक्षक लोकायुक्त मनोज सिंह के मार्गदर्शन में की गई.



# हिस्ट्रीशीटर से स्वागत कराने पर एसडीओपी और टीआई को एसपी ने दिया नोटिस

**दतिया, 1 जून. पुलिस के आला अधिकारियों का एक घोषित हिस्ट्रीशीटर बदमाश से मंच पर स्वागत कराने का मामला सामने आया है. तस्वीरें वायरल होने के बाद एसपी मयूर खंडेलवाल ने सख्त एक्शन लिया है इसे पुलिस की छवि धूमिल करने वाली अनुशासनहीनता मानते हुए एसपी ने एसडीओपी और कोतवाली टीआई को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब तलब किया है.**

शहर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम कार्यक्रम में एसडीओपी आकांक्षा जैन और कोतवाली थाना टीआई धीरेंद्र मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे. इसी दौरान सिनावल थाने के घोषित हिस्ट्रीशीटर दिनेश अहिरवार ने मंच पर पहुंचकर दोनों पुलिस अधिकारियों को फूल-माला पहनाई. दोनों अधिकारियों ने भी बिना किसी आपत्ति के उस बदमाश से अपना सत्कार करवाया और उसके साथ तस्वीरें भी खिंचवाई. 2 दिन पहले ही निकाला गया था बदमाश का जुलूस- जिस बदमाश दिनेश अहिरवार से पुलिस अफसर सत्कार करवा रहे थे.



# पांच गुर्गों को रिमांड पर भोपाल लाई पुलिस

▸ लॉरेंस गैंग के नाम पर धमकी का मामला

▸ कारोबारियों को धमकाने के केस में पूछताछ तेज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 1 जून. लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर बिल्डरों और नामी लोगों को धमकी देने के मामले में एसटीएफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को जेल से रिमांड पर लेकर भोपाल ले गई है. आरोपियों से अब प्रदेशभर में हुई वारदातों को लेकर पूछताछ की जाएगी.**

मामले में प्रदेश के आधा दर्जन से अधिक बिल्डर और कारोबारियों को धमकी मिलने के बाद डीजीपी ने जांच एसआईटी को सौंप दी थी. इंदौर के बिल्डर विवेक दम्मानी और संजय जैन को मिली धमकी के मामलों की जांच क्राइम ब्रांच कर रही थी. क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए राजपाल चंद्रावत, सचिन शर्मा, कुलदीप, नाना और योगेश भाटी को गिरफ्तार किया था. इनमें कुछ आरोपियों को पहले ही जेल से रिमांड पर लिया गया था, जबकि कुछ को हाल ही में पकड़ा. एक अन्य आरोपी राहुल उर्फ बाबा फिलहाल क्राइम ब्रांच की रिमांड पर है. बताया जा रहा है कि एसटीएफ की टीम ने इन सभी आरोपियों को अलग अलग जेलों से रिमांड पर लेकर भोपाल रवाना किया है. वहां उनसे प्रदेश में हुई अन्य धमकी और फायरिंग की घटनाओं को लेकर पूछताछ की जाएगी. ज्ञात हो कि कसरावद में कॉटन व्यापारी के घर फायरिंग मामले में भी इन्हीं आरोपियों के तार जुड़े हैं, जहां सबसे ज्यादा गिरफ्तारी हुई थी.

### अहम खुलासों की उम्मीद : डीसीपी

मामले में डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश त्रिपाठी का कहना है कि इंदौर क्राइम ब्रांच अब तक इस पूरे नेटवर्क से जुड़े 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है. वहीं हाल ही में एक आरोपी राहुल उर्फ बाबा की कार देवास से जब्त की गई थी. गिरफ्तार आरोपियों के तार प्रदेश के अन्य जिलों में हुई घटनाओं से भी जुड़े होने की संभावना है, पूरे नेटवर्क को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है और पूछताछ में अहम खुलासे होने की उम्मीद है.



# राज्यपाल पटेल को उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं

**भोपाल, 01 जून. राज्यपाल मंगुभाई पटेल को उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लोक भवन में सौजन्य भेंट कर उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी. इस अवसर पर शुक्ल ने राज्यपाल श्री पटेल को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय अभिवादन किया.**

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने राज्यपाल पटेल के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और अनुभव का लाभ प्रदेश को निरंतर प्राप्त हो रहा है. उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि राज्यपाल श्री पटेल स्वस्थ एवं सक्रिय रहकर प्रदेश के विकास और जनकल्याण के कार्यों को अपनी प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से नई दिशा प्रदान करते रहें.

पहल ▸ केंद्रीय कृषि मंत्री ने शुरू किया राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान

# मिट्टी बचेगी तो खेती बचेगी : मंत्री शिवराज

**रायसेन, 1 जून. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिले के ग्राम रमासिया से राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ करते हुए किसानों को संदेश दिया कि मिट्टी बचेगी तो खेती बचेगी, किसान मजबूत होगा और देश समृद्ध बनेगा.**

उन्होंने संतुलित उर्वरक उपयोग, मिट्टी परीक्षण, सॉयल हेल्थ कार्ड, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने का आह्वान किया.कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी सहित वरिष्ठ कृषि अधिकारी और कृषि वैज्ञानिक एवं राकेश शर्मा उपस्थित रहे.

देशभर में 01 जून से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के शुभारंभ पर केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि धरती हमारी माता है और इसकी सेहत बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है.उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अंधाधुंध रासायनिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग न करें, बल्कि मिट्टी की जांच के आधार पर जरूरत के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करें.उन्होंने कहा कि ज्यादा रासायनिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता घटती है और उसमें मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जिसका सीधा असर उत्पादन और खेती की लागत पर पड़ता है.



### ▸ विभिन्न स्टॉलों का किया निरीक्षण

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान तथा अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी में कृषि एवं उद्यानिकी सहित अन्य विभागों और प्रगतिशील किसानों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया और जानकारी ली.केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने अनेक हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए.साथ ही किसानों को उड़द और सोयाबीन बीज किट का भी वितरण किया गया.

चौहान ने कहा कि 'खेत बचाओ अभियान' केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि धरती माता को बचाने का राष्ट्रीय संकल्प है.इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्रों के अधिकारी, कृषि विभाग की टीमें और जनप्रतिनिधि गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करेंगे. उन्होंने कहा कि हर किसान का सॉयल हेल्थ कार्ड बनना जरूरी है.

# भाजपा विधायक ने कुख्यात डकैत रामबाबू गड़रिया को बताया दोस्त

**शिवपुरी.** भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी फिर विवादों में हैं। पिछले महीने 20 अप्रैल को एक आईपीएस को धमकाने के बाद अब उन्होंने चंबल अंचल के कुख्यात पूर्व डकैत रामबाबू गड़रिया की तस्वीर का सार्वजनिक मंच से सम्मान कर नया विवाद खड़ा कर दिया है। पिछोर में अहिल्याबाई होल्कर जयंती कार्यक्रम में विधायक ने रामबाबू गडरिया की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और मंच से उसके पक्ष में कहा। विधायक लोधी ने कहा कि रामबाबू डकैत बनने लायक नहीं था और दोनों एक-दूसरे के सुख-दुख के साथी रहे हैं। दावा किया कि रामबाबू की बहन पर अत्याचार होने के बाद उन्होंने उसके समर्थन में आवाज उठाई थी। सामंती अत्याचारों ने उसे डकैत बनने पर मजबूर किया। रामबाबू गड़रिया का नाम चंबल के कुख्यात दस्युओं में रहा है.

